हास्य कवि सम्मेलन

इन द्वीपों में सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोगों के बीच हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए कई समारोहों का आयोजन किया जाता है। इसी सिलसिले में द्वीपसमूह के लोगों के बीच राजभाषा हिन्दी के प्रति लगाव बढ़ाने और राजभाषा हिन्दी की सरलता एवं सुबोधता को बताने के लिए समय-समय पर 'हास्य कवि सम्मेलन'/ 'कवि सम्मेलन' का भी आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए भारी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होते हैं।

हर वर्ष इन द्वीपों में आयोजित भव्य द्वीप पर्यटन महोत्सव के दौरान अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के राजभाषा विभाग द्वारा 'हास्य कवि सम्मेलन' का आयोजन किया जाता है, जिसमें मुख्यभूमि के सुप्रसिद्ध और प्रतिष्ठित हास्य-व्यंग्य कवियों को आमंत्रित किया जाता है।

द्वीप पर्यटन महोत्सव-2017 के दौरान इन द्वीपों में दो दिवसीय 'हास्य कवि सम्मेलन' आयोजित किया गया। यह सम्मेलन पोर्ट ब्लेयर के प्रदर्शनी मैदान और डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉलीगंज के सभागार में आयोजित किया गया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉलीगंज के सभागार में आयोजित 'हास्य कवि सम्मेलन' में अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी जी मुख्य अतिथि थे। इस सम्मेलन में भारी संख्या में अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन और द्वीपों में स्थित केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा आमंत्रित गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए।

प्रदर्शनी मैदान में आयोजित 'हास्य कवि सम्मेलन' में भारी संख्या में दर्शक-श्रोता उपस्थित थे।

इस दो दिवसीय 'हास्य कवि सम्मेलन' में प्रतिष्ठित हास्य कवियों- श्री गजेन्द्र सोलंकी, सरदार प्रताप फौज़दार, श्रीमती पूनम वर्मा, डॉ. सुरेश अवस्थी, श्री मंजीत सिंह और श्री आजाद शत्रु ने सम-सामयिक विषयों तथा ज्वलन्त समस्याओं पर अपनी हास्य की रचनाओं से सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान हास्य रचनाओं के साथ-साथ हिन्दी के शब्दों की सरलता तथा हिन्दी में विचारों की अभिव्यक्ति की सरलता एवं सुबोधता के बारे में श्रोताओं को अवगत होने का भी एक अवसर प्राप्त हुआ।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉलीगंज के सभागार में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. जगदीश मुखी, माननीय उप राज्यपाल, अ. तथा नि. द्वीपसमूह

डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉलीगंज के सभागार में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन का आनन्द उठाते हुए आमंत्रित श्रोतागण

प्रदर्शनी मैदान में अपनी रचनाएं प्रस्तुत करते हुए हास्य कविगण

प्रदर्शनी मैदान में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन का आनन्द उठाते हुए श्रोतागण

■■ ■■ ■■